BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR UNIVERSITY
LUCKNOW
प्रज्ञा शील करुणा
ESTABLISHED 1996

BBAU NEWS LETTER

Quarterly News Letter July-September, 2019

www.bbau.ac.in

थल सेनाध्यक्ष होंगे दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि



बीबीएविवि, 5 सितम्बर। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह कार्यक्रम की तैयारी जोरो के साथ चल रही है। दिनांक 11 नवंबर 2019 को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थल सेना अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत होंगे । उन्होंने इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अपनी सहमति दे दी है। इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक मनाने के लिए 18 विभिन्न प्रकार के समितियों का गठन किया गया है।

नेड पर ऑनलाइन उपलब्ध होगी डिग्री, मार्कशीट, अकैडमी अवॉर्ड

बीबीएविवि, 12 जुलाई। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की डिग्री, मार्कशीट, अकेडमिक अवॉर्ड अब नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी अर्थात नेड पोर्टल पर ऑनलाइन उपलब्ध होगी। इसके लिए छात्रों को अपनी आईडी नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी पर बनानी होगी। विश्वविद्यालय अब नेड का हिस्सा बन चुका है। इस सन्दर्भ में विवि में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसमें कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह ने इसके विविध पक्षो पर अपने विचार व्यक्त किये।

नेड शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा डिजिटल रूप में दर्ज एकेडमी का अवार्ड, डिग्री, डिप्लोमा सर्टिफिकेट, मार्कशीट का सुरक्षित ऑनलाइन स्टोर है। इसके माध्यम से विश्वविद्यालय का छात्र कहीं से भी किसी भी समय अपने डिजिटल डॉक्यूमेंट को न सिर्फ देख सकता है, वरन् वह उसे डाउनलोड और प्रिंट भी करा सकता है। यह छात्रों के एकेडमिक डॉक्यूमेंट का सत्यापन का माध्यम भी है। ज्ञातव्य है कि बीबीए विवि यूजीसी की तरफ से नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी का नोडल सेन्टर भी है।

बाबूराव विष्णु पराड़कर पत्रकारिता पुरस्कार से एके० सिंह सम्मानित



बीबीएविवि, 26 सितम्बर। विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के सहायक आचार्य डॉ0 अरविंद कुमार सिंह को उनकी पुस्तक 'वेब पत्रकारिता' पर उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा वर्ष दो हजार अट्ठारह के लिए बाबूराव विष्णु पराड़कर पत्रकारिता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

नये शिक्षण सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्रों हेतु ओरियंटेशन प्रोग्राम



बीबीएविवि, 20 जुलाई। विश्वविद्यालय में नए शिक्षण सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्रों हेतु ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया । इसमें छात्रों के साथ उनके अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के कार्य, उद्देश्य एवं नियमों से नए छात्रों को परिचित कराना था, जिससे कि वे आने वाले समय में अपने अध्ययन कार्य को सही ढंग से करने के लिए सभी प्रकार की सूचनाओं को जान सके और उसका पूरा लाभ उठा सकें। इस कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के भारत रत्न अटल बिहारी सभागार में किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए एससी एवं एसटी आयोग, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष बृजलाल ने कहा कि ऐसे प्रोग्राम नए विद्यार्थियों के लिए बहुत ही आवश्यक हैं। इससे विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के माहौल और शिक्षकों से परिचित होने में मदद मिलती है। उन्होंने छात्रों में अनुशासन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह जीवन के हर क्षेत्र में आवश्यक है ।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह ने प्रवेश पाने वाले सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की प्रगति के लिए सदैव प्रयासरत है । यहाँ पर संचालित विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम एवं अन्य आवश्यक संबंधी सूचनाओं को प्रतिवर्ष अपडेट किया जाता है जिससे कि छात्रों को नवीनतम सभी प्रकार की जानकारियां मिलती रहे। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर नीरज त्रिपाठी ने कहा कि सूचना के इस युग में छात्रों को अपने ज्ञान में लगातार बढ़ोत्तरी करना आवश्यक है। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर वी एस भदौरिया ने छात्रों को सभी प्रकार की आवश्यक सूचनाओं की जानकारी दी।

तनाव मुक्त के लिए योग ही कारगर उपाय



बीबीएविवि, 18 अगस्त। दो दिवसीय योग कार्यशाला का उद्घाटन 17 अगस्त को विश्वविद्यालय के अटल सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर बंगलौर स्थित स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान के कुलाधिपति पद्मश्री डॉ एच आर नागेंद्र ने कहा कि वर्तमान में स्वस्थ जीवन में प्रदूषण और तनाव दो सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, जंगलों के कटाव जैसी भौतिक समस्याओं को नियम कानून बना करके नियंत्रित किया जा सकता है, लेकिन तनाव एक ऐसी समस्या है जो कि मानसिक और भावनात्मक स्तर पर उत्पन्न होती है और भौतिक विज्ञान इस समस्या का पूर्ण रूप से समाधान करने में सक्षम नहीं है । इसके लिए हमें अपने आध्यात्मिक और प्राचीनतम ज्ञान योग का ही सहारा लेना होगा।

उक्त अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह ने कहा कि भाग दौड़ के वर्तमान जिंदगी में बहुत बड़ी संख्या में लोग तनाव और अवसाद के शिकार हो रहे हैं और उन्हें इससे बाहर निकलने की आवश्यकता है। इसके लिए योग एक बहुत ही महत्वपूर्ण उपाय है। इसी अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित ग्रामीण विकास मंत्री डॉक्टर महेंद्र सिंह एवं समाज कल्याण एवं विकास मंत्री रमापति शास्त्री ने भी योग के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

नित्य 15 मिनट योग रखे सेहतमन्द

दिनांक 12 सितम्बर को विश्वविद्यालय में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में डॉ. एच आर नागेन्द्र ने शिक्षकों और छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कैंसर, डायबिटीज जैसी गम्भीर बिमारियों का समाधान सिर्फ योग है। प्रतिदिन 15 मिनट योग से इन बिमारियों से बचा जा सकता है।

विश्वविद्यालय ने मनाया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस



Kargil Vijay rally in the campus

BBAU, 27 July , To mark the 20th anniversary of victory of Kargil war, 'Vijay rally' procession was taken out in the campus. Besides others, the students of NSS, 20 UP girls battalion, 67th battalion of NCC, Lucknow participated in the procession. Several lectures were also organized on this occasion.

App for cleanliness

BBAU, 9 June. BBAU will use an ISRO made-app known as 'total key solution' under Swachh Bharat mission to maintain cleanliness in the campus. Students will take picture of garbage and dumps they find anywhere in the campus and upload the photos on the app.The app will show the route map of the dump to the supervisors who can send a sanitary worker to pick it up. After cleaning, the sanitation worker can click and upload a photo of the place as a proof. This information was given by the coordinator of SBM professor Naveen Arora.

Printed for Private Circulation Only

BBAU
NEWS LETTER
July-September, 2019

ड्रॉफ्ट नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2019 पर चर्चा



बीबीएविवि, 19 जुलाई। विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग के सभागार में 18 जुलाई को ड्रॉफ्ट नेशनल एजुकेशन पॉलिसी पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी के उद्घाटन अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह ने कहा कि शिक्षा प्रणाली ऐसी होनी चाहिए जो मनुष्य में मानव मूल्यों का विकास कर सके । आज आवश्यकता इस बात की है कि प्रारंभिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक में जो भी समस्याएं हैं, उसकी पहचान की जाए और उसे दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जायें। उन्होंने बच्चों में ऐसी प्रारंभिक शिक्षा दिए जाने पर जोर दिया जो कि उनके आचरण को बेहतर बनाने में मदद करे। इसी अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर एस विक्टर बाबू ने कहा कि समाज में ऐसी शिक्षा पद्धति विकसित करने की आवश्यकता है जो कि उस वर्ग के लोगों को उठाने में मददगार हो जो अभी तक शिक्षा से वंचित रहे हैं। अन्य वक्ताओं ने रोजगार एवं कौशल युक्त शिक्षा देने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एस के पांडे, डॉ प्रीति, शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अरविन्द कुमार झा एवं फार्मास्युटिकल्स विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शुभिनी ए सर्राफ एवं अन्य शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किये ।

नैनो टेक्नोलॉजी से पूरी होगी एंटीऑक्सीडेंट की कमी



बीबीएविवि, 15 जुलाई। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बायोमेडिकल एंड फार्मास्यूटिकल साइंस की डीन डॉक्टर शुभिनी ए सर्राफ और उनके शोध दल ने नैनो टेक्नोलॉजी का उपयोग कर शरीर में होने वाले एंटीऑक्सीडेंट की कमी को पूरा करने के प्रयोग में सफलता हासिल की है। इस संदर्भ में प्रोफेसर सर्राफ ने बताया कि एंटीऑक्सीडेंट ताजे फलों, हरी सब्जियों एवं सेब में प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। किंतु आज कल हम इन तत्वों को उपयुक्त मात्रा में ग्रहण नहीं कर पाते हैं। इससे शरीर में एंटीऑक्सीडेंट की कमी हो जाती है। एंटीऑक्सीडेंट ही शरीर से फ्री रेडिकल को हटाता है और इस तरह से वह शरीर में पोषित हानिकारक तत्वों से हमें बचाता है। इसकी कमी से कई प्रकार की बिमारियां होने की आशंका होती है। उन्होंने यह भी बताया कि शोधार्थियों ने कई अनाज एवं फलों में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट को निकालकर नैनोटेक्नोलॉजी द्वारा इसका प्रयोग लैब में लक्षित कोशिकाओं पर किया और इसका एक सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुआ है।

वनस्पति उद्यान में वृक्षारोपण कार्यक्रम

बीबीएविवि, 19 जुलाई। विश्वविद्यालय के वनस्पति उद्यान में वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया । यह कार्यक्रम लॉरेटो कान्वेंट इंटरमीडिएट कॉलेज के सहयोग से आयोजित किया गया। इसमें प्रो0 आर.बी.राम के अतिरिक्त उक्त कालेज के प्राचार्य सिस्टर अनीमा कुजूर, सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर आम, बेल, बेर, इमली, जामुन, पीपल, बरगद, मेंहदी तुलसी, मेहंदी, अशोक, आंवला, आदि के लगभग 600 पौधे रोपित किए गए। इस कार्यक्रम छात्रों ने काफी उत्साह के साथ भागीदारी करते हुए पर्यावरण बचाने का संकल्प किया।



बंजर भूमि को फिर से उपजाऊ बनाने में मिली सफलता

बीबीएविवि, 3 जुलाई। विश्वविद्यालय में पर्यावरण विभाग के प्रोफेसर नवीन कुमार अरोड़ा और उनके निर्देशन में कार्य कर रहे शोध छात्रों की टीम ने अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के उपयोग के कारण बंजर बनी भूमि को फिर से उपजाऊ बना करके उसमें गेहूं, हरी सब्जी, सूरजमुखी जैसी फसलों का उत्पादन करने में सफलता प्राप्त की है। यह उपलब्धि उनके 5 साल के शोध कार्य के पश्चात संभव हो सका है। रिसर्च टीम अब किसानों को बंजर जमीन पर फसल उगाने के संदर्भ में प्रशिक्षण देने का भी कार्य करेगी जिससे कि किसान अपनी बंजर भूमि को स्वयं ही उपजाऊ बना सकेंगे।

इस संदर्भ में प्रोफेसर अरोड़ा ने बताया कि इस शोध कार्य हेतु कानपुर देहात के लगभग 50 एकड़ बंजर जमीन का चयन किया गया है। उस जमीन की मिट्टी के नमूने प्रयोगशाला में लेकर उसमें से आवश्यक बैक्टीरिया निकाल कर उसको दोबारा उपजाऊ बनाने के लिए तकनीक विकसित करने का शोध कार्य किया गया। यह प्रयोग पूरी तरह से सफल रहा ।

कार्बन नियंत्रित करने में गैस चूल्हा सहायक



बीबीएविवि, 16 जुलाई। विश्वविद्यालय में दिनांक 15 जुलाई को 'कार्बन निगेटिव अप्रोच यूनिक सॉल्युशन फॉर ग्लोबल वार्मिंग' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि पद से नासा के पूर्व वैज्ञानिक डॉक्टर मुरलीधर राव ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि लकड़ी के जलने से जो धुआं निकलता है, उसमें कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा ज्यादा होती है और इसी के साथ कुछ अन्य गैस भी निकलती हैं जो कि वातावरण को बहुत प्रदूषित करती हैं। किंतु यदि उन्हे वातावरण में जाने से रोक दिया जाए, तो वातावरण में कार्बन की मात्रा नियंत्रित की जा सकती है और इसके लिए गैस चूल्हा काफी कारगर है। इसमें ऑक्सीजन गैस प्रवेश करने के लिए छिद्र होते हैं, जिससे लकड़ी बिना अधिक धुआं किए जलती है और लकड़ी जलाने के बाद जो अपशिष्ट बचता है, उससे बायोचार बनता है। यह खाद के रूप में इस्तेमाल किया जाता है और इससे मिट्टी की उर्वरा क्षमता बढ़ती है।



हस्तनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी



बीबीएविवि, 8 अगस्त। विश्वविद्यालय के स्कूल आफ होम साइंस के ह्यूमन डेवलपमेंट एवं फैमिली स्टडीज विभाग में हस्तनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी सात अगस्त को आयोजित की गई। इसमें विभाग के छात्राओं द्वारा रक्षाबंधन एवं पन्द्रह अगस्त को ध्यान में रखकर के राखी कार्ड, बैंड, पोस्टर, बुकमॉर्क, जैसे सामग्री निर्मित की गयी । होम साइंस विभाग के प्रोफेसर सुनीता मिश्रा ने बताया कि इस प्रदर्शनी में छात्राओं ने महिला अधिकार, बाल–विवाह, शिक्षा के महत्व के विषयों को ध्यान में रखकर के सभी सामग्री तैयार किया, जिसे लोगों द्वारा काफी सराहना मिली।

भूगर्भशास्त्र विभाग ने मनाया स्थापना दिवस

बीबीएविवि, 10 अगस्त, विश्वविद्यालय के भूगर्भशास्त्र विभाग ने अपने स्थापना के पाँच वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शुक्रवार को स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर विभाग में क्विज, पोस्टर मेकिंग, आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी।

BBAU
NEWS LETTER

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यशाला



बीबीएविवि, 17 सितम्बर। विश्वविद्यालय में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मशीन लर्निंग विद पाइथन' विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला 16 सितंबर को आरंभ हुई। इस कार्यक्रम का आयोजन कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार व्यक्त करते हुए ट्रिपल आईटी के प्रोफेसर अरुण मोहन शेरी ने कहा कि विश्व भर में आईटी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग बढ़ता जा रहा है। आने वाले समय में इसका बाजार भी बढ़ेगा। वाणिज्य के क्षेत्र में इसकी मांग तेजी से बढ़ रही है। इसी को ध्यान में रख करके वैज्ञानिक अब ऐसी मशीनों का आकार छोटा करके इसकी गणना शक्ति को बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। कार्यक्रम में जेएनयू के प्रोफेसर टी वी विजय कुमार ने कहा कि हम कंप्यूटर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डालने की बात करते हैं किंतु कोई भी अलगोरिद्म किसी भी मनुष्य की समझ और बुद्धि को किसी मशीन में नहीं डाल सकते। इस कार्यक्रम में कई अन्य विशेषज्ञों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

खोजे गये सूक्ष्मजीवों से फसल में बढ़ोत्तरी की उम्मीद



बीबीएविवि, 24 सितम्बर। विश्वविद्यालय के पर्यावरण विभाग के प्रोफेसर आर पी सिंह एवं उनके शोध छात्रा रोली मिश्रा एवं शोध छात्र पवन यादव ने ऐसे सूक्ष्मजीवों की खोज की है, जिससे कि फसल उत्पादन में 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। शोध कार्य के अंतर्गत वैज्ञानिकों ने महाराष्ट्र के अहमदनगर स्थित रालेगण सिद्धि गांव के पथरीली इलाकों के एकत्र पत्थर के टुकड़ों से लगी मिट्टी में से निकाले गए कुल 21 सूक्ष्मजीवों में फसलों की वृद्धि एवं कृषि उत्पादन बढ़ोत्तरी करने का महत्व पूर्ण गुण पाया है। इन सूक्ष्मजीवों में 10 जीवाणु तथा 11 फफूँद समूह के सूक्ष्म जीव शामिल हैं। अध्ययन में पाया गया कि इन सूक्ष्मजीवों में सूखी मिट्टी की विषाक्तता और खारे पन को सहने की जबरदस्त क्षमता है जब इसे गोबर और गुड़ से बनाए गए कणिकाओं में डाल कर के फसल गेहूं फसल का उत्पादन किया गया तो यह पाया गया कि रासायनिक उर्वरक की तुलना में इस प्रकार से किया गया उत्पादन अधिक रहा।



प्रोफेसर आर पी सिंह ने इस संदर्भ में बताया कि रासायनिक उर्वरक एवं कृषि रोगनाशक दवाओं के कारण खेती योग्य भूमि की क्षमता कम होती है। यह खोज अपने आप में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

छात्रों ने किया सोलर एग्रीकल्चर मशीन का निर्माण

बीबीएविवि, 2 जून। विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संस्थान के छात्रों ने सौर उर्जा से चलने वाली एक ऐसी मशीन तैयार की है जो कि खेती कार्य को आसान बनाने में मदद करेगी। कम शोर एवं प्रदूषण वाली इस मशीन द्वारा बिना ट्रैक्टर अथवा अन्य कोई उपकरण का इस्तेमाल किए खेती हो सकती है। संस्थान के शिक्षक हिमांशु गौर के निर्देशन में कार्य कर रहे सचिन कुमार, अनूप मिश्रा, अंकिता सिंह और दीपांशु सागर ने यह उपकरण तैयार किया है ।

शोध छात्रा सौम्या शर्मा को फैलोशिप

विश्वविद्यालय के जीव विज्ञान विभाग की शोध छात्रा सौम्या शर्मा को भारत सरकार की 'इनोवेशन इन साइंस परस्यूट फॉर इंस्पायर्ड रिसर्च' योजना के अन्तर्गत फैलोशिप हेतु चयन किया गया।

स्वच्छता पखवाड़ा में हुई सफाई एवं पानी की जाँच

बीबीएविवि, 10 सितम्बर। एक सितंबर से लेकर पन्द्रह सितंबर तक विश्वविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया गया। इस दौरान 'वेस्ट जीरो कैंपस' बनाने के उद्देश्य को लेकर के विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम किए गए जिसमें कि विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी एवं एनएसएस, एनसीसी के वालंटियर शामिल हुए। इस दौरान परिसर में प्लास्टिक अपशिष्ट की सफाई की गई ।



उन्नत भारत नोडल आफिसर प्रोफेसर नवीन अरोड़ा के अनुसार विश्वविद्यालय के आसपास के क्षेत्र में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गये एवं विश्वविद्यालय के 5 किलोमीटर के दायरे में स्थित तालाबों के पानी का सैंपल ले करके उसके गुणवत्ता की जांच की गई है और अब इसकी रिपोर्ट एमएचआरडी को भेजी जाएगी।

प्रकाशन की गुणवत्ता में सुधार की जरूरत: कुलपति

बीबीएविवि, 10 अगस्त। विश्वविद्यालय के गौतम बुद्ध केंद्रीय पुस्तकालय में 9 अगस्त को ऑथर वर्कशाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह ने कहा कि प्रकाशन की गुणवत्ता में सुधार की जरूरत है। वर्तमान में प्लैगेरिज्म की शिकायत काफी बढ़ गई है। ऐसे में शिक्षकों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि उनके निर्देशन में शोध कार्य कर रहे छात्र अपने कार्यों को ईमानदारी और दक्षता के साथ करें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक प्रोफेसर आर पी सिंह ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने का हमारा प्रयास होना चाहिए और शिक्षकों को ऐसी नई किताबें तैयार करनी चाहिए जिससे कि छात्रों को उसका लाभ मिल सके।

शिक्षक दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम



बीबीएविवि, 6 सितम्बर। शिक्षक दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधा कृष्णन के जीवन एवं दर्शन पर शिक्षक एवं छात्रों ने अपने विचार व्यक्त किये। विश्वविद्यालय के पुस्तकालय विज्ञान विभाग, जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में वृक्षारोपण एवं अन्य प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

शिक्षा विभाग में निर्देशन कार्यक्रम का आयोजन

बीबीएविवि, 19 जुलाई। विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में दिनांक 17 जुलाई को दो दिवसीय निर्देशन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विभाग में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम का संक्षिप्त परिचय दिया गया। विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों रंगोली, पाठ्य सहगामी क्रियाएं तथा प्रार्थना के बारे में जानकारी दी गयी।

स्वतंत्रता दिवस मनाया

बीबीएविवि, 17 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय में पन्द्रह अगस्त को कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह ने झंडारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों को बलिदान करने वाले देश के सपूतों का जिक्र करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्होंने शहीदों से प्रेरणा लेने का लोगों से आवाहन किया।



विवि में फिट इंडिया मूवमेंट



बीबीएविवि, 30 अगस्त। नेशनल स्पोर्ट्स डे के अवसर पर विश्वविद्यालय में 29 अगस्त को 'फिट इंडिया मूवमेंट' कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के गेट नंबर 3 से पदयात्रा निकाली गई और यह पूरे परिसर से होते हुए एसईएस भवन के सभागार में संपन्न हुई । इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह, प्रोफेसर डी पी सिंह, कुलसचिव प्रोफेसर एस विक्टर बाबू, डीन एकेडमिक प्रोफेसर आर पी सिंह समेत शिक्षक, विद्यार्थी एवं कर्मचारी आदि ने भाग लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी कक्षाओं में छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी शपथ भी दिलायी गयी।

विश्वविद्यालय में शुरू होंगे कई नये कोर्स

बीबीएविवि, 5 अगस्त। विश्वविद्यालय में कई नए कोर्स चलाने की तैयारी की जा रही है। इस संदर्भ में विवि के कुलपति द्वारा अगस्त माह के पहले हफ्ते में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के समक्ष प्रस्ताव रखा गया। इसमें योग, संस्कृत, बौद्ध अध्ययन एवं पाली जैसे विषयों के शिक्षण हेतु नए विभाग खोलने का प्रस्ताव हैं। नये पाठ्यक्रम के स्वरूप एवं विषय वस्तु आदि का निर्धारण हो गया है।

हिंदी पखवाड़ा का आयोजन

बीबीएविवि, 25 सितम्बर। विश्वविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा मनाए जाने के तहत कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित एक कार्यकम में एडीजी, पुलिस रिक्रूटमेंट एंड प्रमोशन बोर्ड, एस एन साबत ने कहा कि हम जितनी अधिक भाषाएं सीखेंगे, हमारा व्यक्तित्व उतना ही अधिक विकसित होगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी भाषा का विकास करना है तो उसे सरल बनाना आवश्यक है। इसी के साथ हमें दैनिक व्यावहारिक जीवन



में इस्तेमाल किए जाने वाली विभिन्न भाषाओं के शब्दों को भी शामिल करते रहना चाहिए जिससे कि भाषा की समृद्धि होती रहे।

योग वैलनेस सेंटर का उद्घाटन

बीबीएविवि, 19 अगस्त। विश्वविद्यालय में योग वैलनेस सेंटर आरंभ किया गया है और इसमें एक योग चिकित्सक की भी नियुक्ति की गई है । इस सेंटर में सुबह 8 बजे से लेकर के अपराहन 2 बजे तक योग चिकित्सक मौजूद रहते हैं। इस दौरान इस सेंटर पर व्यक्ति योग के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी एवं सीख प्राप्त कर सकते हैं।

योग आधारित सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम होगा संचालित

विश्वविद्यालय में योग आधारित सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम आरंभ किया जाएगा। इस के संदर्भ में विश्वविद्यालय स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान के साथ एक अनुबंध करेगा और इसी के तहत ही पाठ्यक्रम संचालित होगा।

दृष्टि बाधितों के लिए नये उपकरण की खोज



बीबीएविवि, 6 जुलाई। विश्वविद्यालय के ह्यूमन डेवलपमेंट एंड फैमिली स्टडीज विभाग की विभागाध्यक्ष डा0 यूवी किरण और उनकी शोध छात्रा गरिमा मिश्रा ने दृष्टि बाधितों की चलने फिरने की समस्या को सुलझाने के उद्देश्य से एक उपकरण की खोज की है। इससे दृष्टिबाधित लोगों को चलने फिरने में कारगर ढंग से मदद मिलने की उम्मीद है। इस उपकरण में सौर ऊर्जा प्रणाली का उपयोग किया गया है और इसमें कुछ विशेष प्रकार के सेंसर लगाए गए हैं। इससे यह उपकरण दृष्टिबाधितों को बहुत ही आसान और सुरक्षित रूप से घर के अन्दर एवं बाहर मार्गदर्शन देने में सक्षम है। इस उपकरण में उपयोगकर्ता की ऊँचाई के अनुसार स्मार्टस्कैन की लम्बाई को समायोजित करने की सहूलियत है और इसमें दिशा ज्ञान से संबंधित बाधाओं का भी समाधान उपलब्ध कराया गया है।

प्रोफेसर नवीन अरोड़ा सम्मानित



बीबीएविवि, 29 अगस्त। विश्वविद्यालय पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर नवीन अरोड़ा को 18 से 22 अगस्त तक आयोजित छठे एशियन पीजीपीआर इंटरनेशनल कांफ्रेंस में पर्यावरण संरक्षण और सतत् कृषि के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। इस कार्यक्रम का आयोजन उज्बेकिस्तान चैप्टर ऑफ एशियन पीजीपीआर सोसायटी और इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ उज्बेकिस्तान द्वारा ताशकंद में किया गया था।

प्रो. कमल जायसवाल को सीएफएसआई गोल्ड मेडल अवॉर्ड



बीबीएविवि। विश्वविद्यालय के प्रो. कमल जायसवाल को डीसीएफआर भीमताल की कार्यकारी समिति ने वर्ष 2019 के लिए सीएफएसआई गोल्ड मेडल अवॉर्ड के लिए नामांकित किया है। इसी के साथ प्रो. कमल जायसवाल को भारतीय विज्ञान कांग्रेस एसोसिएशन द्वारा कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली 107 वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस में पशु चिकित्सा और मत्स्य विज्ञान के अनुभाग में प्लेटिनम जुबली व्याख्यान देने के लिए भी चयनित किया है।

डॉक्टर राजश्री सम्मानित



बीबीएविवि, 20 सितम्बर। विश्वविद्यालय की शिक्षिका और एनसीसी 20वीं यूपी बटालियन के लेफ्टिनेंट डॉक्टर राजश्री ने एनसीसी कमांडेंट के लिए 10 जून से 19 जुलाई के बीच हुए प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और प्रशिक्षण की वरीयता सूची में द्वितीय स्थान पर रहीं। उन्हे सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया। इसी के साथ उन्हें प्रमोशन भी दिया गया है। विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी है।

यूएसए के प्रोफेसर ने ली ऑनलाइन क्लास

बीबीएविवि, 20 सितम्बर। विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में 19 सितंबर को अमेरिका के ओहियो यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर जतिन श्रीवास्तव ने स्काईपी के माध्यम से विभाग के छात्रों की क्लास ली। इसके बारे में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर गोविंद जी पाण्डेय ने कहा कि आने वाले दिनों में अन्य विदेशी विश्वविद्यालयों के शिक्षकों का भी व्याख्यान आयोजित किये जायेंगें।

Babasaheb Bhimrao Ambedkar University
(A Central University)
Vidya Vihar, Raebareli Road, Lucknow-226025, Uttar Pradesh, India
Patron : Prof. Sanjay Singh, Vice Chancellor, BBAU
Editorial Advisors : Prof. Gopal Singh, Prof. Govind Ji Pandey, Dr. Mahendra Kr. Padhy, Dr. Rachana Gangwar, Dr. Loknath, Dr. K.S. Bahadur, Dr. A.K. Singh
Issue Editor : Dr. Arvind Kumar Singh